>

Title: Need to run train no. 14021/14022 from Sikar to Delhi on daily basis.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर) : महोदय, आपने मुझे शून्य काल में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र के संदर्भ में एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय आपके माध्यम से सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं । मेरा लोक सभा क्षेत्र सीकर एक ऐसा क्षेत्र है, जिसके आस-पास चारों तरफ चार बहुत महत्वपूर्ण स्थान हैं, जिनमें खाटू श्याम जी, जो कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध है, सालासर बालाजी, जीर्ण माता जी और लोहार्गल है । इसके अतिरिक्त मेरे लोक सभा क्षेत्र के शेखावटी में देश में सर्वाद्धिक सैनिक हैं । शिक्षा की दृष्टि से कोटा के बाद मेरा लोक सभा क्षेत्र एजुकेशन हब के रूप में डेवलप हुआ है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि मेरे क्षेत्र में दिल्ली से सीकर तक और वर्तमान में रींगस तक 14021 और 14022 ट्रेन चलती है जो सप्ताह में मात्र तीन दिन ही चलती है । मैं माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि आवश्यकता को देखते हुए इस ट्रेन को दैनिक किया जाए । यह ट्रेन रींगस तक है, इसको जयपुर तक किया जाए ताकि मेरे क्षेत्र के व्यापारियों, विद्यार्थियों, कर्मचारियों और अन्य सभी लोगों को लाभ मिल सके । धन्यवाद ।

HON. CHAIRPERSON: Shri Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Sumedhanand Saraswati.

Shri Rajendra Agrawal -- Not present.

Shrimati Supriya Sadanand Sule -- Not present.